ये खेल नहीं मदारी का खाटू जगराता है | By Shri Yogeshwari

हाथ उठा कर अपने दोनों श्री श्याम को मनाना है
ये खेल नहीं है मदारी का खाटू जगराता है

तीन बाण धारी बनके सांवरा संकट हरने आये श्याम
दीन दुखियों की बिगड़ी बाबा पल भर में ही बनाये श्याम
हारे का सहारा तुम हो बाबा बेडा पार लगाता है
ये खेल नहीं है मदारी का खाटू जगराता है

अहिलावती के प्यारे लाला वचन की शान निभाए श्याम
मधुसूदन के दिल से बाबा वरदान की गंगा बहाये श्याम
अमर हो गया श्याम सांवरा बाबा सबका सहारा है
ये खेल नहीं है मदारी का खाटू जगराता है

द्वापर युग के महारथी नहीं तुमसा कोई सानी श्याम
शीश का दान दिया हैं सांवरा नहीं तुमसा कोई दानी श्याम
शीश के दानी तुम कहलाये जयकारा लगाया है
ये खेल नहीं है मदारी का खाटू जगराता है

कुरुवंश के अनमोल रतन हो कलयुग के बने तारणहार श्याम
दास योगेश्वरी कहे सांवरा बन गया सबका पालनहार
लखदातार है खाटू वाला लागे सबका दुलारा है
ये खेल नहीं है मदारी का खाटू जगराता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a5%87%e0%a4%b2-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%9c/